हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 23 जून 2025




# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप

### प्रवेश उत्सव आज

**डोंगरगांव।** संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 23 जून को आयोजित किया गया है। संकुल प्राचार्य एआर साहू एवं संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने बताया कि शाला प्रवेशोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौड़ी, रामकुमार गुप्ता, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, विवेक मंडावी, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, सरपंच भीषणदास साहू, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ आदि उपस्थित रहेंगे।

# कोरोना से शहर में दूसरी मौत, 27 की जांच में आधा दर्जन पाजिटिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 20 दिनों में कोरोना के मामले शहर में बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं एक पखवाड़े के भीतर ही दो लोगों की मौत ने चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल के तहत मृतकों का अंतिम संस्कार कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 27 लोगों की जांच में 6 पॉजिटिव और 2 लोगों की मौत कोरोना के गंभीर स्थिति को दर्शाता है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पॉजिटिव जिन दो व्यक्तियों की मौत हुई है, उन्हें पहले से ही अन्य बीमारियों से ग्रसित होना बताया जा रहा है।

बीते दिनों शहर में कोरोना पॉजिटिव एक बुजुर्ग की मौत होने के बाद अब लखोली क्षेत्र निवासी लगभग 58 वर्षीय एक व्यक्ति की शनिवार रात कोरोना संक्रमण के बीच मौत हो गई है। चिकित्सकों के अनुसार मृतक को सांस लेने में तकलीफ थी। वहीं उसे हार्ड और ब्लड प्रेशर की बीमारी थी।

## कोरोना से दो की मौत के बाद विभाग की बढ़ी चिंता, संपर्क में आए लोगों की जांच

### कांटेक्ट ट्रेकिंग कर जांच

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पॉजिटिव दो मरीजों की मौत होने के बाद पॉजिटिव क्षेत्र में अन्य संदिग्ध अथवा मृतकों के संपर्क में आए लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक 27 लोगों की कोरोना जांच की गई है। जिसमें से छह लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई है और चार कोरोना संक्रमित मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

### आइसोलेशन वार्ड में उपचार

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में कोविड आइसोलेशन वार्ड बना दिया गया है, जहां कोरोना प्रोटोकॉल के तहत मरीजों का उपचार किया जा रहा है। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना टेस्टिंग भी शुरू की गई है।



### परिजनों को किया गया आईसोलेट

कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति की पहचान होने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा लखोली क्षेत्र में पहले ही संपर्क में आए व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी गई थी। वहीं कोरोना पॉजिटिव मृतक के परिवार को आइसोलेट किया गया था और सभी की कोरोना जांच की गई है।

### तीन वर्ष बाद बढ़ते मामले

लगभग 3 वर्ष के बाद कोरोना संक्रमण और मौत के मामले बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों के सामने आने के दौरान ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया था और लोगों को सतर्कता बरतते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने कहा गया है। वहीं सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ होने पर कोरोना की जांच कराने की सलाह दी गई है।

### प्रोटोकॉल से अंतिम संस्कार

कोरोना संक्रमित मरीज की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत होने के बाद पीपीई किट पहनकर उनके शव का कोरोना प्रोटोकॉल के तहत कन्हारपुरी क्षेत्र के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### अन्य बीमारी से पीड़ित

दोनों ही मृतक अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। संपर्क में आए लोगों की जांच की जा रही है। अभी कोरोना पॉजिटिव 4 एक्टिव मरीज हैं।

- डॉ. नेतराम नवरत्न, सीएचएमओ

## लाखों रुपए का नुकसान, मछुआरों में पनपा आक्रोश

# इंदावानी जलाशय में तीन फैक्ट्री के दूषित पानी से हजारों मछलियां मरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र के इंदावानी जलाशय में तीन फैक्ट्रियों के केमिकलयुक्त पानी मिलने की वजह से जलाशय में किए जा रहे मछली पालन की हजारों मछलियों के मरने का मामला सामने आया है। फैक्ट्रियों के केमिकलयुक्त दूषित पानी की वजह से दो-तीन दिनों के भीतर जलाशय की पूरी मछलियां मर गई है। जिससे मछुआ समिति को लगभग 8-10 लाख का नुकसान हुआ है।

मछुआ समिति के अध्यक्ष नारायण निषाद ने बताया कि इंदावानी जलाशय में ओरिएंट इस्पात, पीएस-2 पाईप फैक्ट्री और शिवनाथ उद्योग साबुन फैक्ट्री का केमिकलयुक्त पानी जाता है। जिसकी वजह से मछलियां मरी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जलाशय में पानी की कमी है। वहीं फैक्ट्री से निकलने वाले पानी का केमिकल अधिक हो गया है। जिसके चलते पानी दूषित हुआ है और सभी मछलियां मर गई है।

### जलाशय में जा रहा पानी

मछुआरा समिति द्वारा बताया गया कि इन तीनों फैक्ट्री का पानी सीधे जलाशय में समाहित होता है। बीते वर्ष 2021-22 में भी इसी तरह की स्थिति बनी थी और मछलियां मर रही थी, तब नुकसान कम था, तो शिकायत नहीं की गई। वहीं इस वर्ष पानी कम होने और दूषित पानी बढ़ने की वजह से जलाशय की पूरी मछलियां मर चुकी है।

### शिकायत की तैयारी

केमिकल युक्त पानी की वजह से मछलियों के मरने के बाद अब मछुआरा संघ द्वारा इस मामले की शिकायत सोमनी पुलिस और मत्स्य विभाग में करने की तैयारी की जा रही है।



### फसलों को नुकसान, जानवरों को खतरा

इंदावानी जलाशय से आसपास लगभग सात-आठ गांव में सैकड़ों एकड़ में फसल की सिंचाई होती है। जिससे फसलों को भी नुकसान होने की संभावना है। वहीं इस जलाशय से मवेशी और जानवरों द्वारा पानी पिया जाता है। जिससे उन्हें भी खतरा बना हुआ है।

### जलाशय में सभी तरफ मरी मछलियां

इंदावानी जलाशय में सभी तरफ पानी के ऊपरी सतह में मछलियां मरी हुई नजर आ रही है। वहीं जलाशय के तट पर भी सैकड़ों मरी हुई मछलियां पड़ी हुई है। इंदावानी जलाशय में 6 परिवार के लगभग 30-35 लोगों द्वारा मछली पालन किया जाता है। इस वर्ष उन्हें बेहतर उत्पादन होने की उम्मीद थी, लेकिन जलाशय के दूषित पानी की वजह से इन परिवारों को आर्थिक नुकसान होने के साथ ही उनकी मेहनत भी बर्बाद हो गई है।

# ईंट से बना सूचना पटल गिरा दबने से मासूम बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ईंट से बने सूचना पटल के गिर जाने से पांच वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई। मामला सड़क चिरचारी का है। इस हादसे ने पंचायत द्वारा किए गए घटिया निर्माण कार्य की पोल खोल दी। हादसे से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

बागनदी थाना क्षेत्र एवं विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में पूर्व सरपंच द्वारा उनके कार्यकाल में स्वीकृत अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण किया जा रहा है। जनपद विकास निधि से बोर खनन का कार्य सेवा सहकारी समिति बाउंड्रीवाल के भीतर कराया गया था, जहां रविवार सुबह दस बजे मृतक बालक युवांश पिता नरेन्द्र निषाद पांच वर्ष निवासी सड़क चिरचारी खेलते-खेलते ईंट से बने सूचना पटल के गिर जाने से दब गया। यह देख नजदीक कार्यरत दो महिला मजदूरों ने मदद के लिए आवाज लगाई, ⏵⏵ शेष पेज 14 पर



### माता-पिता मजदूरी करने हैदराबाद गए हैं

दुर्घटना में जिस बच्चे की मौत हुई है, उसके माता-पिता मजदूरी करने हैदराबाद गए हुए हैं। मृतक बालक अपने नाना-नानी के यहां रहता था।

### कार्रवाई की मांग, धरने पर बैठी पूर्व विधायक

पांच वर्षीय मासूम बालक की मौत पर पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता, जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क किनारे घटिया निर्माण कार्य करने वाले एवं निर्माण कार्य में संलिप्त अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई कर मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की है। पूर्व विधायक के धरने पर बैठने की जानकारी होते ही तहसीलदार विजय कोठारी एवं जनपद सीईओ होरीलाल साहू एवं पुलिस के आला अधिकारी खबर लिखे जाने तक मौके स्थल पर मौजूद है।

# बाइक से गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**खैरागढ़।** अवैध रूप से शराब एवं नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत खैरागढ़ पुलिस ने बाइक में अवैध रूप से गांजा परिवहन करते दो आरोपियों को पकड़ा। जिनसे 12 किलो गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ पुलिस ने 22 जून को मुखबीर सूचना पर ग्राम धनेली नाला के आगे खैरगढ़-दुर्ग रोड में रेड कार्रवाई कर आरोपी तारण साहू पिता अर्जुन साहू निवासी मदरकुही एवं कबीर बंजारे पिता कमलेश बंजारे 22 साल निवासी ग्राम रेंगाककठेरा थाना खैरागढ़ को गांजा बिक्री हेतु परिवहन करते 11 किलो 996 ग्राम गांजा कीमती 60000 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल यामाहा के साथ पकड़ा।



### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपियों के खिलाफ थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी तारण साहू पिता अर्जुन साहू निवासी मदरकुही एवं कबीर बंजारे पिता कमलेश बंजारे 22 साल निवासी ग्राम रेंगाककठेरा ओपी जालबांधा थाना खैरागढ़ जिला केसीजी को 22 जून को गिरफ्तार किया गया है।

# आठ पटवारियों को मिली मनचाही पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने लंबित मामलों को लेकर सवालों में घिरे रहने वाला राजस्व महकमा एक बार फिर से सूर्खियों में आ गया है। एसडीएम द्वारा किए गए 31 पटवारियों का ट्रांसफर आर्डर महज 24 घंटे में ही पलट गया। स्थानांतरित किए गए 31 में से 9 पटवारियों का आदेश संशोधित कर दिया गया है। इस संशोधन के पीछे सत्ताधारी दल के नेताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा तबादले से रोक हटाने के बाद से ही यहां जिला स्तर पर भाजपा नेताओं द्वारा सूची तैयार की गई है। संगठन द्वारा प्रशासन को दी गई सूची पर ही यह आदेश जारी किए गए थे। इस सूची के जारी होने के बाद कुछ वरिष्ठ नेताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की। बताया जाता है कि यही कारण है कि प्रशासन को 24 घंटे के भीतर पटवारियों के आदेश को संशोधित करना पड़ गया। राजनांदगांव अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव द्वारा 17 जून को एक आदेश जारी कर 31 पटवारियों के हल्का नंबर में बदलाव किया गया था। इसमें पटवारी गोंविदराम साहू, ज्ञानचंद धृतलहरे, संतराम गोटे, रूचिराज बोरकर, सुकृति कुंजाम, रचित कुमार गुप्ता, लखेश्वर मसराम, अविणा शंकर मेश्राम आदि का पहले दूसरे तहसीलों में तबादला किया गया है। उसे 24 घंटे के भीतर संशोधित कर अब राजनांदगांव मुख्यालय के तहसील में पदस्थ कर दिया गया है।

### शिकायतों पर हटाए गए थे पटवारी

सूत्रों ने बताया कि सुशासन तिहार के दौरान कई पटवारियों के कामकाज की ग्रामीणों ने शिकायत की थी। यही कारण है कि प्रशासन द्वारा तबादला आदेश जारी किया गया था, लेकिन कुछ भाजपा नेताओं के दबाव के कारण प्रशासन को पुनः संशोधित आदेश जारी कर ऐसे पटवारियों को मनचाही पोस्टिंग दी गई है।

# घर में अकेली महिला से कुकर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव के घर में महिला को अकेली पाकर आरोपी घर में प्रवेश किया व कुकर्म किया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 जून को पीड़िता ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके माता-पिता नहीं है, अपने भाई के साथ घर में रहती है। 21 जून को उसका भाई काम करने बाहर गया था। पीड़िता घर में अकेली थी, तब आरोपी गांव का ही रहने वाला हेमंत राजपूत घर में जबरन घुसकर जबर्दस्ती बालात्कार किया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हेमंत राजपूत को पकड़ा। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत कार्रवाई पश्चात गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## लाखों रुपए की लागत से हुआ था निर्माण, अब हो रहे जर्जर

# खंडहर हो रहे शहर में बने लाखों के गौठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस शासनकाल के दौरान शहर की सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के लिए गौठान का निर्माण कराया गया। जिसमें से कुछ गौठान राशि के अभाव में अधूरे रह गए। वहीं सरकार जाने के बाद पूर्ण हुए गौठान को भी बंद कर दिया गया है।

शहर में पांच जगह पर प्रस्तावित प्रत्येक गौठान निर्माण के लिए शासन से लगभग साढ़े 19 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। जिसमें से चार जगह ही गौठान का निर्माण हो पाया। इनमें भी रेवाडीह, नवागांव, मोहरा बायपास में गौठान का पूर्ण निर्माण हुआ। वहीं मोहड़ में राशि के अभाव के चलते निर्माण अधूरा रहा।मोहारा मेला ग्राउंड के समीप गौठान का निर्माण कराया जा रहा था। इसके लिए भवन बनाने की शुरूआत हुई, लेकिन इसे बीच में ही बंद करके इस गौठान को मोहारा बायपास के समीप स्थानांतरित कर दिया गया। मेला ग्राउंड का भवन वर्तमान में भी अधूरा पड़ा है।

वहीं मोहारा बायपास के समीप बने गौठान में वीरानी छाई है और यहां मवेशियों का नहीं, बल्कि शराबियों का जमवाड़ा रहता है। इस गौठान में भवन भी बना है, जो अब उपयोग में नहीं है।



### राशि के अभाव में अधूरा निर्माण

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि शहर में पांच गौठान निर्माण को लेकर स्वीकृति मिली थी। जिसमें से चार गौठान बनाए गए। उन्होंने कहा कि कुछ गौठान के लिए राशि का अभाव था। जिसकी वजह से कार्य बच गया। वहीं रेवाडीह का गौठान पूर्ण है, जहां मवेशी रखे जा रहे हैं। नवागांव का गौठान भी पूर्ण है, लेकिन मोहड़ के गौठान में कुछ कार्य बचा हुआ है, जो नहीं हो पाया है।

### पांच की स्वीकृति, चार ही बने

भूपेश सरकार के समय शहर में पांच अलग-अलग जगह पर गौठान बनाने की स्वीकृति मिली थी, लेकिन चार जगह पर ही गौठान बनाने का कार्य शुरू हुआ। इनमें भी कुछ गौठान में राशि के अभाव के चलते कार्य पूर्ण नहीं हो पाया, जो अधूरे पड़े हैं।

### गौठान में गोबर खरीदी बंद

शहर में बन चुके कुछ गौठानों में कांग्रेस शासनकाल के दौरान मवेशियों को रखने के साथ ही गोबर की खरीदी भी की जा रही थी, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाते ही गोबर खरीदी बंद हो गई और गौठान भी वीरान हो गया। गौठान में लोगो की आवाजाही के बंद होने के कारण अब यहां असमाजिक तत्वों का डेरा लगना भी शुरू हो गया है।



## खबर संक्षेप

### राशन दुकानदार से ग्रामीण परेशान

**पटेवा।** केकराजबोड़ की उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल रहा है। वर्तमान में तीन माह के राशन का वितरण किया जा रहा है लेकिन विक्रेता द्वारा समय- बेसमय राशन दुकान खोलने से उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन दुकान खोलने के बाद बंद कर दिया है। दुकान पर नजर रखने के लिए अब तक निगरानी समिति का गठन नहीं किया गया है। विक्रेता द्वारा सरपंच को भी खाद्यान्न भंडारण की जानकारी उपलब्ध नहीं कराया जाता।

### बच्चों ने रोपे पौधे



**अर्जुनी।** प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय सुख़री में प्रधान पाठक सपना भरतद्वाज के मार्गदर्शन में फलदार पौधों का रोपण किया गया। शाला के बच्चों ने पपीता,कटहल के पौधे लगाए।

### मुआवजा के लिए भटक रहे पुरैना के किसान

**डोंगरगढ़।** ग्राम पुरैना के जिन किसानों की भूमि लोक निर्माण विभाग ने 2022-23 में अधिग्रहित किया था उन्हे अब तक मुआवजा नहीं मिला है जबकि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जानकारी के अनुसार मुआवजा के लिए 26 लाख 40 हजार 708 रूपए की स्वीकृति 26 अप्रैल को मिल चुकी है। स्वीकृति के बाद भी विभाग द्वारा मुआवजा देने में अनावश्यक विलंब कर किसानों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। वर्षों तक भूमि पर निर्भर रहने वाले किसान अपनी ज़मीन का मुआवजा पाने के लिए दो वर्षों से चक्कर काट रहे हैं। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने मुआवजा भुगतान में विलंब पर चिंता व्यक्त करते हुए गत दिनों कलेक्टर को पत्र लिखकर लंबित मुआवजा का भुगतान कराने की मांग की है। श्री लोधी ने राशि भुगतान का भुगतान नहीं होने पर चेतावनी दी कि किसानों को उनका हक नहीं मिला तो ग्रामवासी, समाज एवं संगठन सामूहिक विरोध प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

### संकल्प सभा का आयोजन

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत के निर्देशानुसार ग्रामीण मंडल ने विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर संकल्प सभा का आयोजन बेलगांव में किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम जिला सहप्रभारी अमित जैन, मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, जैनकुमार मेश्राम शामिल हुए। इस दौरान छबिल साहू, झूलेंद वर्मा, राघवेंद्र वर्मा, कचरू हिरवानी, प्रेमलाल वर्मा, प्रकाश अग्रवाल, रवि यादव, धरम वर्मा, तेजलाल वर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हरिभूमि की खबर का दिखने लगा सार्थक असर

# कुओं को बचाने आगे आए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर के कुओं को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का सार्थक असर अब दिखाई देने लगा है। लोग स्वस्फूर्त होकर कुओं को पुनर्जीवित करने लिए सामने आ रहे है। शनिवार को पर्यावरण प्रेमी भोज साहू, साहू समाज की नेत्री इंदु साहू की पहल पर लोगों ने साकेत धाम स्थित कुआं के समक्ष पूजा अर्चना का आयोजन किया।

उल्लेखनीय है कि शहर के विभिन्न इलाके में 30 से ज्यादा सार्वजनिक कुएं है जो काफ़ी पुराने है और सालों से लोगों की प्यास बुझाते रहे है। शहर की एक बड़ी आबादी सालों तक कुओं के पानी का पीने और निस्तार के लिए उपयोग करते रही है। हैंडपंप का चलन बढ़ने और घर- घर नल लगने के बाद कुएँ अप्रासंगिक होते गए और वर्तमान में हालत यह है बहुसंख्यक कुएं देखरेख के आभाव में जीर्णशीर्ण हो गए है। कुओं में पेड़ पौधे उग आए है तो लोग उसमे कूड़ा कचरा डालने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

## पूजा के जरिए संरक्षण का प्रयास



### जागी उम्मीद की किरण

शहर के सार्वजनिक कुओं की दुर्दशा को लेकर गत 13 जून को हरिभूमि ने पूर्वजों की धरोहर को नहीं बचा पा रही मौजूदा पीढ़ी, संकट में पुराने कुएं, सूख रही धरती शीर्षक से विस्तृत खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने जन सहयोग से कुओं को पुनर्जीवित करने की कोशिश शुरू किया है। शनिवार को साकेतधाम में स्थित कुआं के समक्ष वरुण देव की पूजा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पूजा के माध्यम से वह लोगों को कुआं का महत्व बताने का प्रयास कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि लोग कुओं को संरक्षित करने सामने आएं क्योंकि वाटर लेबल बढ़ाने के लिए यही सशक्त माध्यम है।


पूर्वजों की धरोहर को नहीं बचा पा रही मौजूदा पीढ़ी, संकट में पुराने कुएं, सूख रही धरती

### शामिल हुए नागरिक

इस कार्यक्रम मे नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, इंदु साहू, भोज साहू के अलावा एनके लहरे, कृष्णकुमार शर्मा, मिथलेश साहू, चम्मन पटेल, सुखनंद साहू, दयालु पटेल, भजन साहू, ईश्वर जोशी, सोनिया साहू, अंकित जैन, सुशीला पटेल, शीला साहू, संजू, श्याम पटेल, मोहन गुप्ता, मोनू साहू, प्रवीण, राजा तिवारी, रितेश पटेल, सौरभ, गिरधारी पटेल, पुष्कर राजपूत, देवनारायण वैष्णव, पुष्पलता सेन, ईतेश पटेल, वरुण साहू, पवन यादव, मोनू साहू, कपिल निर्मलकर, रवि राजपूत, अंजू निषाद, कान्हा सोनकार आदि शामिल हुए।

## प्रयास विद्यालय में 47 बच्चों का चयन



- ब्लॉक के कुलदीप ने प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए ब्लॉक के 47 बच्चों का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जारी परीक्षा परिणाम में विकासखंड मोहला के विद्यार्थियों ने पुनः छत्तीसगढ़ राज्य में दबदबा स्थापित कर क्षेत्र को गौरवांवित किया है। बीईओ राजेन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि अनुसूचित जाति 5, अनुसूचित जनजाति से 30, अन्य पिछड़ा वर्ग से 9 तथा सामान्य वर्ग से 3 छात्र-छात्राओं सहित कुल 47 विद्यार्थियों का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए हुआ है।

इस परीक्षा की तैयारी हेतु शिखर कोचिंग के माध्यम से शिक्षकों ने चरणबद्ध तरीके से कराया था जिसका सुखद परिणाम है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में कामयाब हुए। सभी विद्यार्थी कल 23 जून से काउंसलिंग के लिए रायपुर प्रयास विद्यालय जाएंगे जहां सीटों का आबंटन किया जाएगा।

चयन परीक्षा में पीएमश्री सेजेस मोहला, डुमरटोला, करमरी, शिशु मंदिर, धोबेदंड, रेंगाकठेरा आदि स्कूलो के बच्चों का चयन हुआ है। गोटाटोला के छात्र कुलदीप देवांगन ने 91 अंक के साथ पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर विधायक इंद्र शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, समाजसेवी संजय जैन तथा जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को बधाई दी है।

# फाइनेंस के नाम पर 1.76 लाख की ठगी

**गंडई पंडरिया।** थाना मोहगांव में बजाज फाइनेंस कंपनी से लोन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 176068 रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

थाना मोहगांव को पुलिस अधीक्षक कार्यालय खैरागढ़ से शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच प्रधान आरक्षक रंजीत तिकी ने की। जांच में पाया गया कि 30 अगस्त 2024 से पहले एक अज्ञात मोबाइल नंबर के धारक ने आवेदक सुरेन्द्र धुर्वे पिता इंदल सिंह धुर्वे, निवासी ग्राम दरबानटोला को फोन किया। आरोपी ने सुरेन्द्र धुर्वे को बजाज फाइनेंस से आठ लाख पचास हजार लोन दिलाने का झांसा दिया। आवेदक सुरेन्द्र ने बयान में बताया कि बार-बार मना करने के बावजूद आरोपी उसे लोन लेने के लिए दबाव बना रहा था। शुरुआत में आरोपी ने 8 हजार जमा करने कहा जिसे जमा करने के बाद आरोपी विभिन्न बहाने बनाकर प्रतिदिन पैसों की मांग करने लगा। सुरेन्द्र ने बताया कि उसने कुल 176068 रुपए जमा किया है। सुरेन्द्र ने बताया कि25 अक्टूबर 2024 को आरोपी ने रायपुर बजाज फाइनेंस कंपनी से चेक जारी कर कही थी, लेकिन आज तक चेक प्राप्त नहीं हुआ। धोखाधड़ी का एहसास होने के बाद सुरेन्द्र ने 29 अक्टूबर 2024 को शिकायत किया। जांच में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध होना पाया गया है। पुलिस अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर विवेचना कर रही है।

# आगे आकर ग्रामीणों ने भी किया योग का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया





ग्रामीण क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। शासकीय एवं नीजि विद्यालय, पंचायत सहित सार्वजनिक जगहों पर योग का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक ने योग के विभिन्न आसन, तरीका एवं होने वाले लाभ बताकर लोगों को प्रतिदिन योग करने प्रेरित किया। ग्राम के आयुर्वेद औषधालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। शिविर में जनप्रतिनिधि, छात्र, शिक्षक एवं ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में प्रशिक्षक ने भद्रासन, वज्रासन, मकरासन पवनमुक्तासन, शवासन, ध्यानासन तथा कपालभाति, प्रणायाम, भ्रामरी आदि का प्रशिक्षण दिया। समापन मौके पर धनवंतरी की पूजा अर्चना कर काढ़ा तथा अंकुरित चना, मुंगफल्ली वितरित किया गया। इस दौरान मोतीलाल जंघेल, कन्हैया दास, राधेमोहन वैष्णव, सोनम लोमश वैष्णव, कमलेश साहू, हेमराज सिन्हा, राजेन्द्र साहू, अश्वनी वैष्णव, कुमारी यादव, रंजीता राजपुत, पुरूषोत्तम यादव, उमेश जंघेल, आदि मौजूद थे। पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र एवं ग्रामीणों ने स्कूल मैदान में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, गैंदलाल, कपुर खुशरो, कन्हैया जंघेल आदि शामिल हुए। इसी प्रकार चकनार, मानपुर, कुकुरमुडा, संड़ी, पंडरिया आदि गांव में आयोजन रखा गया था।

### बच्चे और बड़े शामिल हुए योग शिविर में

**घुमका।** उच्चतर माध्यमिक, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला परसबोड ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को मनाया। योग के कार्यक्रम में स्कूली बच्चे, ग्रामीण, महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि, बुजुर्ग, युवा शामिल हुए। इस मौके पर अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, ताड़ासन, वज्रासन आदि आसनों का अभ्यास कराया गया। वरिष्ठ जनों ने योग से होने वाले लाभ बताया। कार्यक्रम में सरपंच श्यामलाल वर्मा, प्राचार्य गणेश वर्मा, गणेशराम देवांगन, शत्रुघ्नलाल साहू, सुनील रामटेक, डोमनलाल निषाद, किरण दुबे, महेश सोनी, अनिल बंदे, वायके वर्मा, मोहन साहू, आदित्य द्विवेदी, बलराम बघेल, मुकेश जायसवाल, बैनदास साहू, मुकेश जांगड़े, कृष्णकुमार टंडन, गणेश नागपुरे, हेमलता फ्रांसिस, कांता बुद्धिकार, जसवंत निर्मलकर, अनीता भोईर उपस्थित थे।

# केन्द्र सरकार के काम लाजवाब : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- संकल्प सभा में केन्द्र की उपलब्धियों का किया बखान



मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मंडल भाजपा ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वक्ता के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, चंद्रिकाप्रसाद डड़सेना, एमडी ठाकुर, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा,मंडल अध्यक्ष कांता साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल , जिला पंचायत सदस्य बीरमबाई मंडावी, अनिता मंडावी थे। मुख्य वक्ता श्री गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 11 वर्ष में बड़े काम किए है जिसमें , राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से 370 हटाने, सड़कों का जाल, रेल्वे स्टेशन को हाईटेक करने का सफल प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों का पक्का मकान बनवाया गया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है वाकई में धरातल पर चरित्रार्थ होते दिख रहा है। संगोष्ठी को एमडी ठाकुर, संजय सिन्हा, कांता साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान राधेश्याम शर्मा, मायाराम साहू, धन्ना यादव, टीकम प्रसाद पांडेय, शिशुपाल साहू, पद्मभूषण साहू, टीकम साहू, नैनसिंह पटेल, स्वप्निल पटेल, कुश कुंभकार, राजेश्वर ध्रुवे, हेतराम साहू, संगीता यादव, रामकुमार मंडावी आदि मौजूद थे।

# कबीर कुटीर के घटिया निर्माण की शिकायत

## ग्रामीणों ने गुणवत्ता और भवन के भविष्य पर उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



मंडी बोर्ड द्वारा किसानों की सुविधा के लिए चिन्हांकित धान खरीदी केन्द्रों में लाखों की लागत से कबीर कुटीर भवन का निर्माण किया जा रहा है। कुछ केन्द्रों में गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य में अनियमितता बरता जा रहा है।

जानकारी अनुसार ग्राम के धान खरीदी केन्द्र में लाखों की लागत से कबीर कुटीर भवन का निर्माण कार्य जारी है। भवन के बनने से धान बेचने आने वाले किसानों को पेयजल, छांव आदि सुविधा उपलब्ध होगी। निर्माण कार्य शुरू हुए छह माह से अधिक का समय हो गया है।पर अब तक निर्माण अधूरा है। ग्रामीण इसकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस अनुपात में मटेरियल लगाया जाना था उसकी अनदेखी किया जा रहा है। निर्माण के बाद पानी तराई भी नहीं किया जा रहा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि लाखों की लागत से बनने वाला भवन जल्द जर्जर हो जाएगा। बीते कुछ माह पहले कांग्रेस कमेटी ने विचारपुर सोसायटी में भी गुणवत्ताहीन बन रहे कबीर कुटीर निर्माण की जांच की मांग किया था।

### सूचना पटल नहीं

ग्राम के धान खरीदी केन्द्र में कबीर कुटीर का निर्माण कार्य बीते छह माह से जारी है पर निर्माण स्थल पर सूचना पटल नहीं लगाया गया है। भवन लागत, निर्माण एजेंसी, पूर्ण होने की तिथि आदि की जानकारी ग्रामीणों को नहीं है।

## सरकारी और निजी स्कूलों में लगातार हो रहा शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

# दाखिला के बाद स्वागत कर बच्चों का कराया मुंह मीठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़







प्राथमिक शाला उरईडबरी में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए गणवेश व पाठ पुस्तक वितरित किया गया। मुख्य अतिथि शाला समिति के अध्यक्ष हरिचंद पड़ौती, विशिष्ट अतिथि अंजोरदास लहरे, देशीराम खिलाड़ी थे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक रेखा देशलहरे, ऋतुराज साहू, पदमा चंद्रवंशी, संकुल समन्वयक प्रमोद दास सिरदार, मनोहर यादव, तिजियाबाई, धनकुंवरबाई, दुमानसिंह, खेमिनबाई शामिल हुए। इस अवसर पर जानकीबाई खिलाड़ी और बृजलाल खिलाड़ी की ओर से बच्चों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी, भजिया, चावल, दाल, सब्जी खिलाया गया।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव में गत दिनों प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी, विशिष्ट अतिथि सरिता मंडावी, सरपंच कैलाश उके, प्राचार्य वंदना चौरे थी। आमंत्रित अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नवप्रवेशी छात्रों के हस्त चिन्ह लेकर, मिष्ठान्न खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने पुस्तक और गणवेश वितरित किया।

**कल्लूबंजारी।** कल्लूबंजारी की प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति बिरमबाई मंडावी ने की। विशेष अतिथि प्रशांत ठाकुर, उभेराम मंडावी, भानबाई मंडावी, सरपंच सुनीता सेवता, चित्रा कोर्राम, रामकुमार मंडावी, सुशील कुमार कंवर, बालकिशन साहू, रामेश्वरी मंडावी, डोमेन पटेल, राजकुमार पटेल, पुष्पा सिन्हा, विष्णु कोर्राम, बाबूलाल पटेल एवं दिलहरण पटेल थे। शुभारंभ एवं राजगीत की प्रस्तुति के बाद मुख्यअतिथि श्री सिन्हा, श्री ठाकुर, श्रीमती मंडावी, श्री मंडावी एवं चित्रा कोर्राम ने संबोधित किया। अतिथियों ने बच्चों को निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया।

### पाण्डुका में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**पटेवा।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पाण्डुका में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा थी। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि भागचंद पारख, नित्यासिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ में सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात राजकीय गीत सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने कहा कि लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। आप लोगों अपनी समस्या बिना संकोच बता सकते है। विधायक ने बच्चों को माता - पिता एवं गुरुओं का सम्मान करने प्रेरित किया। उन्होंने शाला परिसर में शेड निर्माण विधायक निधि से कराने की घोषणा की । इस अवसर पर शिवलाल साहू शिक्षक ने नेवता भोज कराया। इस दौरान सरपंच रंजीत रजक, उपसरपंच शंकर टोडर, वर्षासिंह, आरिफ खान, जमुना ख़लिरे तथा बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने की पौधे लगाने की अपील

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिलेवासियों से बारिश के मौसम में पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आव्हान करते कहा कि आइए हम अपने शहर एवं गांव को हरा भरा बनाएं। धरती की हरीतिमा, पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना दायित्व निभाते एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता निभाएं।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति
स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप

### प्रवेशोत्सव में बच्चों का स्वागत

**डोंगरगढ़।** डॉ. आम्बेडकर विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पार्षद डॉ. रेखा राधते थी। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सूर्यवन्ता तुरे ने की।विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश राघति थे। प्रारंभ में प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने डॉ. बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर नवप्रवेशित छात्र- छात्राओं का स्वागत कर पुस्तक वितरण किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर ए ब्राम्हणकर, आर मोहने, एम गजभिये, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, डी दुवारा, एच यादव, आर सक्सेना, पी बोबडे, जे बनाफर, बीना इंदुरकर आदि मौजूद थे। छात्र-छात्राओं और अभिभावक को विद्यालय की ओर से भोजन कराया गया। संचालन ए ब्राम्हणकर ने किया।

### सांसद पांडेय ने दी बधाई



**छुईखदान।** मंडल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर के जन्मदिन के मौके पर स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। उन्होंने प्रेम नारायण चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई दी। श्री चंद्राकर को बधाई देने जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भी पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, राजा गिरिराज किशोर दास, कोमल जंघेल, सज्जाक खान, नीलम वैष्णव, आलोक यादव, आनंद सिन्हा, मुकेश वैष्णव, उमाकांत महोबिया, महेश नारकर, इमरान खान, अर्जुन महोबिया, लोकेश चंदेल, किशन सिलोटिया, निशांत वैष्णव, अनिमेष महोबिया, शोएब खान, आनंद सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, हेमंत वर्मा, दूजे राम आदि उपस्थित थे।

### सड़क किनारे लकड़ी का भंडारण



**डोंगरगढ़।** उपर मंदिर मार्ग पर आरा मशीन की जलाऊ लकड़ियों को रख दिया गया है। सड़क के दोनो ओर लकडी रखने के कारण दुर्घटना होने की स्थिति निर्मित हो रही है। पिछले हफ्ते कई वाहन आपस में टकराने से बचे है। मुख्य चौराहे में लकडियों का भंडारण होने के बाद भी उसे हटवाने को लेकर प्रशासन गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है।

### आलकन्हार में साइकिल वितरण



**बांधाबाजार।** प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल आलकन्हार में सामूहिक प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती देवी की पूजा कर किया गया।नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। खीर, पुड़ी एवं मिठाई से मुंह मीठा कराने के बाद किताब गणवेश एवं साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दिलेश्वरी कोमा, शाला समिति के अध्यक्ष बरनसिह सुधाकर, गिरधारीलाल कोमा, सुकलदास मार्गे, प्रभुराम नायक, जितेन्द पटेल, मेहरूराम, खोरबाहराराम, गोपीराम, चुरामन रावटे, देवारसिंह लारिया, जंगलूराम भुआर्य, लखनलाल लारिया, किशोरी लाल भुआर्य, द्वारकाराम, शोभूराम, भूआर्य, रितुबाई, उषाबाई, टामेश्वरी, अमृता, सुनाबाई, पदमाबाई, अमेरिकाबाई, सुरिताबाई, अनिता बाई, किरणबाई, राधिकाबाई, संकुल प्राचार्य गौरीशंकर साहू, ललित देवांगन, महेश रावटे, मनोज चन्द्रवंशी, विकास पटेल, रंजू बडोले,आरती सोनी, फागेश्वरी भुआर्य, विक्रम नाना, रोहित कुमार यादव, भंवरसिंह साहु, हीरालाल आर्य, रेशकुमार धलेन्द्र, विनोद सिन्हा, छबिलाल कोरेटी, योगेश्वरी भूआर्य आदि शामिल हुए।

### जागरुकता व जांच शिविर

**खैरागढ़।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सिकल सेल एनीमिया के लिए जांच, परामर्श और जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। वनांचल ग्राम गातापार नाका में आयोजित शिविर का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल के साथ अवलोकन किया। शिविर में लाभांवित होने वाले ग्रामीणों, स्कूली छात्र-छात्राओं और परिजनों से सिकल सेल एनीमिया के प्रति उनकी जानकारी के बारे में चर्चा की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गातापार नाका में वीडियो क्लिप के माध्यम से जागरूकता व प्रचार-प्रसार किया गया। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि जिले में 40 साल से कम आयु वर्ग के सभी नागरिकों की सिकल सेल एनीमिया हेतु स्क्रीनिंग की जा रही है। सॉल्यूबिलिटी टेस्ट में सकारात्मक पाए जाने पर पीओसी किट/इलेक्ट्रोफोरेसिस जांच से पुष्टि बाद जानकारी सिकल सेल ऐप पर अपलोड की जाती है। जांच की रिपोर्ट संबंधित व्यक्तियों को प्रदान कर पीवीसी सिकल जेनेटिक कार्ड वितरित किया जा रहा हैं। शिविरों के माध्यम से समुदाय में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रोग की समय पर पहचान को लेकर विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहा है।

### प्रकाश बने ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष



**छुईखदान।** ब्लाक सरपंच संघ का चुनाव आज आयोजित किया गया। चुनाव प्रभारी लोकेश लाला जंघेल, निलेश सिंह, सुरेश झारिया थे। सरपंच संघ अध्यक्ष के लिए चार प्रत्याशी मैदान में उतरे जिसमें खैरा नवापारा के सरपंच प्रकाश जंघेल, भुरभूसी के डोंगरू साहू, पथर्रा के चंद्रशेखर राजपूत, कुकुरमुडा के संतोष यदु शामिल थे। चुनाव में 64 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने वोट किया। मतदान के बाद मतगणना किया गया। खैरा नवापारा के सरपंच प्रकाश जंघेल को 47, डोगरू साहू को 10, चंद्रशेखर राजपूत को 4 वोट, संतोष यदु को 3 वोट मिले। प्रकाश जंघेल सरपंच संघ के अध्यक्ष चुनाव में 47 वोट पाकर विजयी हुए। प्रकाश जंघेल की गिनती भाजपा नेता के रूप में होती है। प्रकाश जंघेल के अध्यक्ष बनने पर सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, कोमल जंघेल, प्रेमनारायण चंद्राकर, संदीप वैष्णव, विक्रांत चंद्राकर, दूजेराम, हेमंत वर्मा, कुमारलाल, अशोक साहू, बोधनसिंह मेरावी, निजाम मंडावी ने बधाई दी है।

---

### समस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

# मिशन संडे टीम ने बजाया नगाड़ा सड़क दुर्दशा पर भड़की विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर से दुर्ग जाने वाली सड़क की जर्जर अवस्था, उमराव पुल और अमलीपारा रोड में जानलेवा बड़े-बड़े गड्ढो, आधे झुके बिजली पोल जैसी समस्याओं को लेकर एक महीने पहले प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराने के बाद भी स्थिति में सुधार नही होने से नाराज मिशन संडे टीम के साथ विधायक यशोदा वर्मा ने आम रोड पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में मिशन संडे टीम, कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित वार्डवासियों का आक्रोश सड़क पर नजर आया और सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

धरना स्थल पर मिशन संडे की टीम के साथ विधायक ने स्वयं नगाड़ा बजाकर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया। लगभग डेढ़ घंटे तक विधायक कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर बैठी रही और प्रशासन के बड़े अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करती रही, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा जिससे जनता में गहरी नाराजगी देखने को मिली और देखते ही देखते लोगों ने खैरागढ़ दुर्ग मार्ग को करीब एक घंटे तक बाधित कर दिया। मौके पर अधिकारी नहीं पहुंचने पर मिशन संडे टीम ने घोषणा की कि अब उनके कार्यालय में जाकर नगाड़ा बजाकर जगाने का प्रयास किया जाएगा।

### ध्यानाकर्षण के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं



#### नेताओं की दूरी, हो रहा सवाल


राजनीति में मंच पर एकजुटता जहां शक्ति का प्रतीक मानी जाती है, वहीं किसी कार्यक्रम खासतौर से विपक्ष की भूमिका मे होने पर प्रमुख चेहरों की अनुपस्थिति अक्सर संगठन के भीतर चल रही हलचलों का संकेत भी दे जाती है। ऐसा ही संकेत मिला मिशन संडे तहत हुए विरोध प्रदर्शन में नजर आया। आम लोगों की समस्याओं को लेकर टीम ने विधायक की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया लेकिन आश्चर्यजनक रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप गोल्डी सहित संगठन के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारी इसमें शामिल नहीं हुए। इनकी गैरमौजूदगी से सवाल उठ रहा कि क्या कांग्रेस भीतर ही भीतर दो धाराओं में बंटती जा रही है, क्या संगठन और विधायक के बीच समन्वय की कमी अब सार्वजनिक मंचों पर झलकने लगी है। राजनीति की जानकारों के मुताबिक यह केवल कार्यक्रम में शामिल होने की बात नहीं बल्कि गहरी असहमति का संकेत है। विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व मे जारी मिशन संडे टीम से वरिष्ठ नेताओं की दूरी जनता के बीच भी भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर रही है। टीम भले ही विभिन्न मुद्दो पर प्रशासन को जगाने की कोशिश कर रही हो लेकिन इस प्रदर्शन ने कांग्रेस संगठन को अंदर झांकने का अवसर दिया है। एक घंटे का प्रदर्शन जितना सड़क के गड्ढों पर सवाल खड़े कर रहा है, उतना ही पार्टी की सियासी बुनियाद में पड़ती दरारों की ओर भी इशारा करता है।

#### गड़बड़ी छिपाने आधी रात को पाटा गड्ढा

विधायक यशोदा वर्मा ने जिला प्रशासन के लापरवाही पर कहां की पीडब्ल्यूडी विभाग में जालबांधा विक्रमपुर सड़क में पेचवर्क के लिए 77 लाख का भुगतान हुआ है। खैरागढ़ से दुर्ग मार्ग में नवीनीकरण के लिए एक करोड़ 13 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, लेकिन सड़क में किसी प्रकार का मरम्मत काम दिखाई नही दे रहा है। मरम्मत संधारण के लिए आई समूची राशि अधिकारियों ने आपस में डकार ली है और आम लोग रोज समस्या से जूझ रहे है। अगर काम होता समस्या पैदा नही होती तो आंदोलन की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहां अगर जल्द ही काम नहीं होता तो बड़े आंदोलन की पूरी तैयारी है। मिशन संडे संयोजक व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि मिशन संडे टीम ने मार्च महीने में ही खैरागढ़ से जालबांधा दुर्ग सड़क की दुर्दशा को लेकर शासन प्रशासन को ज्ञापन देकर ध्यान आकर्षित कराया था परंतु कई महीने बीतने के बाद भी प्रशासन ने कोई सुध नहीं लिया तब कल शाम को आंदोलन की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई। जिसके बाद प्रशासन द्वारा आधी रात को गुपचुप तरीके से गलती छुपाने के उद्देश्य से बेईमानी के भ्रष्टाचारी गड्ढे को छिपाने का प्रयास किया है। जब अधिकारी को मौके पर बुलाया गया तो कोई भी अधिकारी डर और शर्म के कारण नहीं आए जिससे पता चलता है कि भाजपा सरकार में अधिकारी और कर्मचारी कितने भ्रष्टाचारी और निरंकुश हैं आने वाले समय में अगर अधिकारी कर्मचारी नहीं सुधरे तो उनके कार्यालय में पहुंचकर नगाड़ा बजाकर कुंभकर्णी नींद से जगाने का प्रयास किया जाएगा।

---

# नलों में आ रहा बदबूदार पानी, लोग हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड 3 निवासी एक महीने से सार्वजनिक नलों से आ रहे गंदे और बदबूदार पानी से जूझ रहे हैं। इस समस्या के कारण वार्डवासियों ने नल के पानी का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। नल के पानी का उपयोग कपड़े धोने या सफाई करने में किया जा रहा है। वार्ड के सुनील पटेल, संजय रजक, अश्वनी श्रीवास, शंकर श्रीवास, राजेश श्रीवास, उत्तम यादव, बसंत रजक, प्रकाश श्रीवास, ईसुब खान आदि ने बताया कि गंदे पानी के कारण उन्हें पीने के लिए बोरिंग से पानी लाना पड़ रहा है। इस समस्या की जानकारी उन्होंने पार्षद अशोक पटेल और नगर पंचायत को दिया लेकिन एक महीना बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

#### सता रही बीमारी की चिंता

वार्डवासियों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा इस दिशा में अब तक समुचित प्रयास नहीं किया गया है। यही वजह है कि एक महीने से लगातार नलों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है और स्वास्थ्य संबंधी चिंता बढ़ रही है। निवासियों ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

#### नपं कर रही अनदेखी

पार्षद अशोक पटेल ने बताया कि नलों से गंदा पानी आ रहा है जिसकी जानकारी नगर पंचायत में कई बार दे चुके हैं परन्तु नगर पंचायत ने सुधार की दिशा में समुचित प्रयास नही किया है। अब लिखित शिकायत के बाद सुधार नही किया जाता है तो आगे की कार्यवाही किया जाएगा।

#### फाल्ट नहीं मिल रहा

नगर पंचायत गंडई के पेयजल विभाग प्रभारी दयालु साहू ने बताया कि गंदा पानी नल में कहा से आ रहा है चेक किया जा रहा है परंतु फाल्ट नही मिला है। लगता है किसी के निजी नल कनेक्शन से गंदा पानी सार्वजनिक नलों में जा रहा है। जल्द जांच कर सुधार किया जाएगा।

## बाइक चोरी का आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले में मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 22 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 जून को वह स्कूल पढ़ाने जाने के लिए अपनी मोटर साइकिल जूपिटर को भदौरिया चौक के नीचे ओवरब्रिज में खड़ी कर स्कूल बस में बैठकर पढ़ाने के लिए ग्राम इंदामारा गई थी। स्कूल से छूट्टी होने के पश्चात वापस आकर देखी तो वहां पर इसकी मोटर साइकिल नहीं खड़ी थी, कोई अज्ञात चोर द्वारा इसकी मोटर साइकिल को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट कर थाना बंसतपूर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही मोतीलाल वर्मा 29 साल निवासी शिकारीटोला खैरागढ़ को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल जूपिटर को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जिला राजनांदगांव दाखिल किया गया।

---

# साल्हेकला मार्ग पर पुलिया क्षतिग्रस्त दुर्घटना को आमंत्रित कर रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 2018 में उदयपुर से साल्हेकला सड़क पर स्थित बोरई और कुटेलीखाला के मध्य की पुलिया बनाया गया था। यह पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क का एक हिस्सा धंस गया है और दरारें गहरा रही है। क्षतिग्रस्त पुलिया से गुजरना खतरनाक हो गया है। रात या बारिश के दौरान राहगीर कभी भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकते है। सड़क के किनारे कोई सुरक्षा चिन्ह या चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे यह रास्ता जानलेवा हो गया है।

#### अनुबंध की मियाद खत्म

स्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनी थी, जिसकी लंबाई 11.40 किमी है। कार्य 25 मई 2018 को हुआ था। अनुबंध के अनुसार ठेकेदार द्वारा पाँच वर्षों तक रखरखाव किया जाना था, जिसकी मियाद अब समाप्त हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से इसकी शिकायत की, लेकिन अब तक मरम्मत की दिशा में कदम नहीं उठाया गया है। न तो मरम्मत की गई है, और न चेतावनी संकेतक लगाया गया। ग्रामीणों ने मार्ग की स्थिति को देखते हुए तत्काल मरम्मत कराने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

# कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गातापार नाका स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और भोथली के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गातापार नाका के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इंजेक्शन कक्ष, महिला-पुरुष वार्ड, प्रसव कक्ष और नवजात शिशु कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने वहां मौजूद स्टाफ की उपस्थिति पंजी का परीक्षण कर उनकी नियमितता और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। कलेक्टर ने आरएमए डॉ. आकांक्षा सिंह से चर्चा कर आयुष्मान कार्ड बनाने की स्थिति, ओपीडी और आईपीडी के जरिये केंद्र को प्राप्त होने वाली आय, दवाओं की उपलब्धता और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य अमला और मितानिनें हर घर का नियमित भ्रमण करें तथा गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करें। गर्भावस्था की पुष्टि होते ही प्रथम तिमाही में उनका पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाए और सभी प्रसव पूर्व जांच तय समय में पूर्ण कर उन्हें आरसीएच पोर्टल पर दर्ज किया जाए।



#### विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श कराया जाए

उन्होंने यह भी कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की कम से कम आठ बार जांच सुनिश्चित की जाए और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श कराया जाए। साथ ही सुमन योजना के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने प्रसव के पश्चात माताओं की सात बार देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने भोथली स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने केंद्र की खुलने का समय, कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए जनसहभागिता आवश्यक है और इसके लिए समुदाय को जागरूक किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम डूटागढ से आई गर्भवती महिला से चर्चा कर उप स्वास्थ्य केंद्र में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रेम कुमार पटेल, सीएमएचओ डॉ आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

### स्कूलों में जगह-जगह मना शाला प्रवेशोत्सव, बच्चों को पुस्तकों का वितरण भी

# स्कूलों में बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत







हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

127 साल पहले स्थापित प्राथमिक शाला मोहला में गत दिनों प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों की उपस्थिति में पहली से पांचवी तक कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की स्मृति में देवप्रसाद नेताम ने 501, योगेन्द्र सिंगने 1001, खोरबाहरा यादव 1501, आदिल खान 2001, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह की ओर से 2501 रूपए भेंटकर प्रोत्साहित किया गया। यह पुरूस्कार हर वर्ष प्रथम आने वाले विद्यार्थियो को दिया जाएगा। इस मौके पर श्रीमती सिंह, बीईओ राजेन्द्र देवांगन, योगेन्द्र सिंगने, आदिल खान ने संबोधित किया। इस दौरान अमित श्रीवास्तव, नंदकुमार अमरिया, राजीव तिवारी, मनीष मिश्रा, प्रमोद खन्ना, सरोज साहु, संध्या हिड़ामे, मलेश मालेकर, खोमलाल वर्मा, योगेश खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

**जेवरतला रोड।** मुजगहन की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अतिथि के रूप में सरपंच नीरा चुरामन हिरवानी, पंच रुक्मणी सिन्हा, मीनाबाई यादव, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के शिक्षक उपस्थित थे। सरपंच नीरा हिरवानी ने उपस्थित बच्चों को स्वागत किया।

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव में गत दिनों प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी, विशिष्ट अतिथि सरिता मंडावी, सरपंच कैलाश उके, प्राचार्य वंदना चौरे थी। अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नवप्रवेशी छात्रों के हस्त चिन्ह लेकर, मिष्ठान्न खिलाकर अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने पुस्तक और गणवेश वितरित किया।

#### बच्चों को शाला गणवेश वितरित

**पुर्रामटोला।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पुर्रामटोला में प्रवेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया। स्वागत के बाद गणवेश और पुस्तक वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य प्रकाश मोटघरे, सरपंच सुखबाई सिन्हा थे। इस दौरान प्रधान पाठक आरके वैष्णव, राममनोहर देवांगन, डोमन साहू, श्रीमती कुरैशी, श्रीमती सेवता, संकुल प्राचार्य दयाल शरण मेश्राम, संकुल समन्वयक संतुराम चौरे उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने बच्चों को नियमित शाला आने प्रोत्साहित किया।

## सार समाचार

### बजरंगपुर नवागांव स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश साहू, पार्षद सावन वर्मा एवं अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया और पुस्तक वितरण किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि आज से नियमित शाला आकर नियमों का पालन व अनुशासन में रहकर व लक्ष्य बनाकर पढ़ाई कर अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त करने कहा। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य सरिता यादव, उषा वर्मा, पूर्णिमा यादव, लेखचंद साहू, खेमलाल साहू, उमेन्द्र सोनकर, अनिल साहू, नंदलाल साहू, अफजल खान, प्राचार्य ममता झा, सुरेन्द्र साहू एवं स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी योगेश साहू ने दी।

### ढाबा सोसायटी धान खरीदी केंद्र में पौधारोपण



**राजनांदगांव।** धान खरीदी केंद्रों को हराभरा बनाने जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल द्वारा वृक्षारोपण महाभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल द्वारा वृक्षारोपण की अपील की है। इस अभियान के अंतर्गत आज ढाबा सोसायटी मोहारा स्थित धान खरीदी केंद्र में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया है। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल के आतिथ्य एवं ढाबा सोसायटी अध्यक्ष कृष्णादेवी श्रोती की उपस्थिति में समिति अंतर्गत कृषक सदस्यों द्वारा 25 वृक्षों का रोपण किया गया। मोहारा धान खरीदी केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, ढाबा सोसायटी अध्यक्ष कृष्णादेवी श्रोती, मोहारा वार्ड पार्षद आलोक श्रोती, किसान नेता अलख चंद्राकर, भाजपा नेता रोहित चंद्राकर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, रामकुमार देवांगन, परशु प्रजापति, मोहन तिवारी, लक्ष्मण प्रजापति, सोहन प्रजापति, लक्की देवांगन, रूपेंद्र शर्मा, लेखु सिन्हा, खेलन सोनकर, राजेंद्र सिन्हा, भागबली सिन्हा, समिति प्रबंधक हुपेंद्र देशमुख सहित समिति कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कबड्डी के लिए नांदगांव की चार बालिकाओं का चयन

**राजनांदगांव।** शहर व जिले के लिए गौरव का क्षण है, जब चार बालिकाओं का चयन खेलो इंडिया अंडर-18 कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह चयन हाल ही में बिलासपुर में आयोजित चयन शिविर में हुआ। जिसमें जिले की प्रतिभाशाली बालिकाओं ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। चयनित बालिकाओं में कुमकुम उ.मा.विद्यालय धामनसरा, मीनाक्षी भामनी, धनेश्वर कंवर और प्यारेलाल ठाकुर उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव शामिल हैं। ये चारों खिलाड़ी 28 जून से 1 जुलाई तक हरिद्वार में आयोजित खेलो इंडिया अंडर-18 कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। कमला कॉलेज ग्राउंड में नियमित अभ्यास कर रही इन बालिकाओं को प्रशिक्षकों ललित साहू, संतोष देशमुख एवं व्यायाम शिक्षक तीरथ गोस्वामी और संजय मांडवी का विशेष मार्गदर्शन मिला। उनके चयन पर जिलेभर में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष अशोक चौधरी, शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव, पूर्व जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव, सरपंच गौरीकृत लाल पटेल, पूर्व सरपंच पुनूराम पटेल, पूर्व सरपंच लोकेश गंगवीर तथा जिले के शिक्षकों ने इन बालिकाओं को बधाई दी।



### शराब के साथ दो आरोपी पकड़ाए

**गंडई पंडरिया।** अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जब्त की गई है। गंडई पुलिस ने मुखबिर सूचना पर मेन चौक गंडई निवासी दीपक शर्मा को होटल के सामने मोटरसाइकिल डीलक्स की डिक्की में अवैध शराब रखकर बेचते हुए पकड़ा। उसके कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक थैले में 17 पौवा शोले देशी प्लेन शराब और बिक्री के 200 रुपए नकद मिले।आरोपी दीपक शर्मा पिता स्व आबिद शर्मा के खिलाफ धारा 34 (1) ब आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार एक दिन पूर्व पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीला-काला रंग की मोटरसाइकिल में अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब रखकर गंडई से नहर नाली दौजरी होते हुए मानपुर नाका की ओर जा रहा है। पुलिस ने मानपुर नाका फॉरेस्ट नाका के पास घेराबंदी किया। मोटरसाइकिल सवार मंगल तिवारी पिता स्व राकेश तिवारी, निवासी वार्ड 10 पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर सफेद और सफेद-नीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 10 पौवा शोले देशी प्लेन शराब और 25 पौवा सुपर जिप्सी फाइन व्हिस्की अंग्रेजी शराब मिली। अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त नीला-काला रंग की मोटरसाइकिल सीटी 110 जब्त की गई। आरोपी मंगल तिवारी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### साल्हेटोला नवीन राजस्व ग्राम अधिसूचित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा तहसील कुमरदा राजस्व निरीक्षक मंडल उमरवाही पटवारी हल्का नंबर 20 के ग्राम गोड़लवाही के आंतरिक क्षेत्रफल को अपवर्जित कर ग्राम साल्हेटोला को नवीन राजस्व ग्राम अधिसूचित किया है। नवीन राजस्व ग्राम साल्हेटोला का रकबा 187.535, खाते का रकबा 127.629, गैर खाता एवं निस्तार का रकबा 59.906, जनसंख्या 593, मवेशी संख्या 109, आबादी भूमि 1.209 है। अपवर्जित राजस्व ग्राम गोड़लवाही का रकबा 425.137, खाते का रकबा 331.536, गैर खाता एवं निस्तार का रकबा 93.601, जनसंख्या 992, मवेशी संख्या 204, आबादी भूमि 3.476 है।

पेज 11 का शेष

### ईंट से बना...

जहां ग्रामीणों की सहायता से मलबे में दबे बालक को निकाला गया। उपचार के लिए घायल बालक को नजदीक चिकित्सालय लाया गया, जहां स्थिति गंभीर होने पर जिला राजनांदगांव में उपचार कराने की सलाह दी गई। राजनांदगांव पहुंचने पर घायल बालक को सिटी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी बागनदी पुलिस को दे दी गई।

**घटिया निर्माण बना बालक की मौत का कारण**

ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में पूर्व सरपंच द्वारा अधूरे निर्माण कार्य में इस कदर भर्राशाही किया गया है कि इस दुखद घटना ने घटिया निर्माण कार्य की पोल खोल कर रख दी है। घटिया ईंट से बने सूचना पटल गिर जाने से मासूम बालक की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीण एवं परिजनों ने पूर्व सरपंच पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## जिलेभर में आयोजन, सुखी और निरोगी जीवन के लिए लोगों ने अपनाया योग

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छलका उत्साह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ध्यान एवं योग की विभिन्न आसनों के साथ हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अतिथि के रूप में योग प्रशिक्षक भोजराज नेताम ने योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम के अभ्यास कराया। साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग जैसे कलात्मक प्रतियोगिताओं द्वारा योग एवं उसके महत्व को दर्शाया गया। कार्यक्रम में डॉ. ललित रामटेके, डॉ. मनोज चंद्राकर, डॉ. शिवाजी लिमजे, डॉ. अभय बिसेन, डॉ. द्विवेदी प्रसाद चौधरी, डॉ. पूजा साहू, डॉ. डिकेश्वर निषाद समेत अन्य लोग शामिल थे।

### खिलाड़ियों ने मनाया योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में हॉकी खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व को भारत के प्राचीन उपहार-योग का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी सहित जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी नीलम जैन, छोटेलाल रामटेके, शेख मेहबूब, प्रिंस भाटिया, दीपक यादव, अशोक देवांगन, किशोर धीवर, खेमराज सिन्हा, सुनील निषाद, अभिनव मिश्रा की उपस्थिति में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी एवं योग गुरु चंदन भारद्वाज ने खिलाड़ियों को योग कराया। इस अवसर पर लव यादव, मनीष सोनी, आनंद यादव, संदीप यादव, निलेश रजक, कुशल यादव, आदित्य नेताम, आदित्य मेश्राम, पूर्णचंद्र यादव, दुर्गेश नागपुरे, नवीन यादव, अंशुल वर्मा, प्रवीण ढीमर, सोनू निषाद, मोनू निषाद, लक्की यादव आदि शामिल थे।

### श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय

श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय राजनांदगांव में 21 जून को 11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं हार्टफुलनेस संस्थान राजनांदगांव के योग प्रशिक्षक रोहिणी जितेंद्र मुदलियार व डॉ. शिरीष साव द्वारा ध्यान की विभिन्न पद्धतियों का सरल परिचय देने के बाद सहज ध्यान क्रिया कराया गया। प्रभारी प्राचार्य तुकेश वर्मा, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी आभारानी साव एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा ध्यान क्रिया किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक रोहिणी जितेंद्र मुदलियार, डॉ. शिरीष साव द्वारा परिसर में फलदार पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया।

### युगांतर

युगांतर पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल योगा डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका तथा योग प्रशिक्षक वंदना सिंह ने बताया कि योग हमारे मन और शरीर दोनों को सुंदर बनाता है। जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने से व्यक्ति लंबे समय तक सुखी व निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराने से पहले हाथ-पैर की विविध गतिविधियां कराकर शरीर को स्ट्रेच कराया। उन्होंने पर्वतासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, सुखासन, शलभासन आदि आसनों को प्रमुखता के साथ अभ्यास कराया। आयोजन में यहां के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में संस्था के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करते प्रातःकालीन सुमधुर वातावरण के बीच योगा-डे को यादगार बना दिया।

### बोरी में मना योग दिवस

ग्राम बोरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। इस आयोजन में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकगण शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्राम बोरी सरपंच जीवनलाल साहू, सदस्य रतनलाल देवांगन, सचिव छन्नूलाल पटेल, भाजपा नेता लालाराम देवांगन, पूर्व सरपंच हेमपुष्पा देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्राचार्य अनीता सहारे, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर भरने, व्यायाम शिक्षक उमेशदास वैष्णव, व्याख्याता सुश्री कायरकर एवं शा.उ.मा. शाला पुरी का स्टाफ भी शामिल हुआ।

### तिलईरवार

शा.उ.मा.विद्यालय तिलईरवार में 21 जून को योग दिवस मनाया गया। सरपंच नंदीका कुंजाम, सीएसबी कुंजाम, सरिता तिवारी, प्राचार्य व स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में योगाभ्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान योगाभ्यास शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू एवं नोहरदास लिलहारे द्वारा योगाभ्यास कराया गया। नोहर दास लीलहारे द्वारा योगाभ्यास के महत्व व उसके लाभ के बारे में बताया गया। थंगेश्वर कुमार साहू एवं अनुराधा ढोक द्वारा योग पर रचना का पठन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु, अनुराधा ढोक, थंगेश्वर साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, रेखा मुरकुटे, जितेंद्र कश्यप, नोहरदास लीलहारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू द्वारा किया गया।

### विधि महाविद्यालय

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में योग का शानदार आयोजन किया गया। नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों सहित सदस्यों, विधि महाविद्यालय की प्राचार्य, प्रोफेसर्स एवं शिक्षार्थियों ने एक साथ योग की क्रियाएं की। साथ ही एक पेड़ मां के नाम संकल्प को पूरा करते पौधरोपण भी किया। नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति में समाई हुई ऐसी विधा है। जिससे न केवल हमारा शरीर ही स्वस्थ रहता है, वरन हम मानसिक रूप से भी संतुलित रहते हैं। इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका सौम्या यादव ने योग की मुद्राओं के फायदे बताते सभी को इससे जोड़ा। योग के साथ हरियाली को जोड़ते विधि महाविद्यालय में पौधरोपण कर नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों ने अपने आसपास हरियाली को जीवंत रखने का संकल्प दोहराया। महाविद्यालय परिसर में आम, बेल, नीम सहित औषधीय पौधों को रोपा गया। उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल, सचिव अनिल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी, प्रशासक डॉ. आरएन सिंह, प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा की उपस्थिति रही।







# करवारी बांस डिपो मैदान में लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

चाकू की नोक पर ऑनलाइन लूट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से लूट का सामान जब्त किए गए हैं। वहीं ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लूट के रकम को फ्रिज कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी असगर खान 37 साल निवासी अम्बेडकर वार्ड ने 20 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 जून की रात्रि करीबन पौन 9 बजे ग्राम करवारी के बांस डिपो मैदान के पास दो अज्ञात व्यक्ति उसके एवं नकीब खान के गले में चाकू टिकाकर जान से मारने की धमकी देकर सोने की चैन, सोने की अंगूठी, चांदी की अंगूठी, चांदी का कड़ा, एक वन प्लस मोबाइल को लूट लिया है एवं फोन-पे से जबरन 98000 रुपए अपने फोन-पे में ट्रांसफर कर लिए हैं। रिपोर्ट पर धारा- 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### योजना बनाकर की घटना

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान घटना के समय प्रार्थी के साथ उपस्थित नकीब खान से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर विरोधाभाष लगने एवं तकनीकी साक्ष्य से संदेह उत्पन्न हुआ, जिस पर नकीब खान से सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि घटना 19 जून को दो दिवस पूर्व आरोपी नकीब खान अपने दोस्त विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर प्रार्थी असगर खान को लूटने की योजना बनाया। लूट के लिए और बदमाश लड़के की आवश्यकता होने से विधि से संघर्षरत बालक के पहचान वाले राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी पिंटू उर्फ हिरेन्द्र सिन्हा और भरत बंसोड़ से दोनों राजनांदगांव में जाकर मिले और लूट करने की योजना बनाई।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में आरोपी नकीब खान, पिंटू उर्फ हिरेन्द्र सिन्हा, भरत बंसोड को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से प्रार्थी से लूटे हुए सोने-चांदी के चैन, अंगूठी, कड़ा एवं नगदी रकम 3010 रुपए को जब्त किया गया। शेष नगदी को खाने-पीने में खर्च कर देना बताए। ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए रुपए को ट्रांजेक्शन खाता को फ्रिज कराया गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 2 नग चाकू (खंजर), 1 मोटर साइकिल, 1 एक्टिवा स्कूटी वाहन को जब्त किया गया है।

### महापौर ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा



**राजनांदगांव।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के वार्डों में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने शनिवार को नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा समेत सावन वर्मा, मुकेश साहू, कमलेश बंधे, मनोहर यादव तथा वार्डवासियों के साथ सिंगदई एवं मोहड में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेकर समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

महापौर यादव मोहड के मटियाखार में डब्लूएमएम रोड निर्माण तथा सिंगदई मुक्तिधाम रोड में सीमेंटीकरण कार्य का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाने संबंधित अधिकारी से कहा। उन्होंने कहा कि सीमेंटीकरण में पानी तराई का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने मोहड के प्रायमरी व मीडिल स्कूल का निरीक्षण कर समतलीकरण कार्य की धीमी गति पर कहा कि चूंकि स्कूल प्रारंभ हो चुका है। मेन पावर बढ़ाकर कार्य जल्द पूर्ण करें। उन्होंने स्कूल में पेयजल व्यवस्था नहीं होने की शिकायत पर विद्यार्थियों को पेयजल मुहैया कराने सिंटेक्स टंकी लागने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए और प्रभारी अधिकारी कार्य की सतत मानिटरिंग करें।

निरीक्षण के दौरान अलख चंद्राकर, गिरधर साहू, फागु साहू, जितेन्द्र साहू, जागृत साहू, पवन साहू, ईश्वर साहू, गणेश्वर साहू, विजय मेश्राम, अशोक गौतम, गिरधारी साहू, आनंददास हिरवानी, राकेश साहू, गीतेश्वर श्रीवास, हेमंत निषाद व शिव निषाद ने महापौर यादव का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा।

## बाजे-गाजे के साथ शहर में निकलेगी यात्रा

# निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा तैयारियां शुरू, रथ का निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 27 जून को बड़ी श्रद्धाभक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। संस्कारधानी नगरी के गांधी चौक स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर से 86 वर्ष से रथयात्रा निकाले जाने की परंपरा है। पारंपरिक रथ को भव्यता प्रदान करने अनेक भक्त दिन-रात जुटे हुए हैं।

श्री जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा के अनुसार 27 जून को गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह 8 बजे से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार-पूजन किया जाएगा।




### भक्त खीचेंगे भगवान का रथ

श्री शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित है। शोभायात्रा प्रारंभ करने के पूर्व दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा। पूजा-आरती के पश्चात दोपहर 2.30 बजे रथ की रस्सी को सैकड़ों भक्त द्वारा अपने हाथों से खींचकर रथयात्रा प्रारंभ होगी। इस दौरान संस्कारधानी की विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों की स्वर लहरी में भक्त नृत्य करते आगे बढ़ेंगे। ढोल नंगाड़े की थाप भी रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगी।

### श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचेगी यात्रा

रथयात्रा नगर भ्रमण करते जूनीहटरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां जगत के नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक श्रीराम जानकी मंदिर में ही विराजेंगे एवं भक्तों को दर्शन देंगे। रथयात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद भक्तों को प्राप्त होगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भगवान का रथ इसी मंदिर के द्वार पर खड़ा रहेगा। एकादशी के दिन भगवान पुनः अपने रथ पर विराजमान होकर बाजे-गाजे के साथ अपने गांधी चौक स्थित मंदिर में पधारेंगे। इस प्रकार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पूर्ण होगी।



## खबर संक्षेप

### सीएचसी पिपरिया में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हरिभूमि पिपरिया।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। उक्त दिवस में खंड-चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी ने अपने संभाषण में बताया कि इस बार हम 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे है, जिसका थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है तथा सभी लोगों को सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिर्फ एक दिन ही नहीं बल्कि प्रतिदिन योग करना चाहिए, क्योंकि योग करने से बहुत सारी बीमारियां खत्म हो जाती है। तत्पश्चात बीईटीओ एलके सोनी ने कहा कि करो योग और रहो निरोग, योगा से होगा जैसे शीर्षकों की सार्थकता एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला, वहीं टोकेश्वर कोशले ने अपने संभाषण में बताया कि पंथी नृत्य में हर प्रकार का योग है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में उक्त दिवस पर उपस्थित सभी ने योग के विभिन्न आसनों को किया इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया के समस्त अधिकारी-कर्मचारी और स्टॉफ की उपस्थिति से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सफल रहा।

### संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के ग्राम कोलेगांव में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चों को योगासन और प्राणायाम कराकर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित निवेश चंद्रवंशी द्वारा योग सिखाया गया एवं प्रतिदिन योग को जीवन का हिस्सा बनाने हेतु बच्चों को प्रेरित किया गया। इस योग अवसर पर संस्था के प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के तत्वाधान में कबीरधाम जिले सबसे पिछड़ा और अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत गिरधारी कापा में योग करवाया, स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन डारेक्टर व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलबीर विश्वकर्मा (योगाचार्य) ने सभी बच्चों को योग की बारीकियां बताया और योग आसन के करने से क्या क्या लाभ होता हैं, मानव जीवन में विस्तार पूर्वक समझाया। विश्व योग दिवस की अवसर पर बिलासपुर जिला अध्यक्ष चितेरे फाउंडेशन शिवम पटेल उपस्थित थे, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पौधरोपण किया गया। चितेरे फाउंडेशन की सहायक डारेक्टर तान्या मरावी ने सभी भाई-बहनो को विश्व योगा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की और गिरधारी कापा की मितानिन समेबाई, अजोरबाई, मनटोरा और राष्ट्रीय सह सचिव प्रभात विश्वकर्मा ने बच्चों को फाउंडेशन की टी-शर्ट वितरित किया व प्रधान पाठक सुरेश चद्रवंशी, दिनेश, संजय, भरत, गजानंद व ग्रामवासी उपस्थित थें।

### महिला पतंजलि योग समिति की बहनों ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कराया योग



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 21 जून को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप मनाता है। योग को जहां 200 से भी अधिक देशों ने अपना लिया है व योग के महत्व को समझ लिया है, योग से जीवन का सर्वांगीण विकास होता है, योग से शरीर स्वस्थ्य तो होता ही है साथ ही अपने भाग दौड़ भरी जिंदगी में रूककर अपने भीतर झांकने और शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति कवर्धा की बहनों ने अलग-अलग स्थानों पर 21 जून को प्रोटोकॉल के तहत अलग-अलग स्थानों पर योग कराया। कवर्धा नगर के वेदांश योग सेंटर में महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुश्री उमा भारती, महिमा शर्मा व भारती शर्मा ने 30 बहनों को योग कराया व योग, आसन, प्राणायाम के बारे में बताया। कवर्धा के यूथ क्लब में 100 से अधिक भाई-बहनों ने बहन विनीता चन्दवंशी, प्रतिमा चन्दवंशी व सरिता साहू के नेतृत्व में योग का लाभ लिया। दो वर्षों से चल रही नियमित योग कक्षा अशोका योग ग्रुप की 25 बहनों ने भी योग शिक्षिका बहन ममता राजपूत व बहन मीनाक्षी ठाकुर के दिशा र्निदेशन में प्रोटोकॉल के तहत योग किया।

## मांग: जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक को सौंपा ज्ञापन

# पोलमी स्कूल में शिक्षक व्यवस्था की मांग, पढ़ाई-लिखाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पोलमी में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पोलमी में शिक्षकों की गंभीर कमी को लेकर शनिवार को जनप्रतिनिधियों ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा को ज्ञापन सौंपा। विकासखण्ड पंडरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोलमी में शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीण पालको ने ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक लगभग 250 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी के चलते पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो रही है। जिसमें विज्ञान, जीवविज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों के लिए कोई शिक्षक पदस्थ नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि विगत वर्षो से छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन शिक्षक नियुक्त नहीं किए गए हैं। जिस पर क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए सरपंच श्रीमती सुनीता बाई, उपसरपंच रामनाथ करायत, वार्ड सदस्यगण एवं स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने वनांचल क्षेत्र के स्कूल में शिक्षा व्यवस्था में तत्काल सुधार की जाए और शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मांग की कि शीघ्र ही पोलमी स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था सुधारी जाए व विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षक शीघ्र भेजे जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

### शिक्षा व्यवस्था शीघ्र की जाए नही तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे वनांचलवासी




ग्रामीणों ने स्कूल शिक्षा व्यवस्था सुधारने शिक्षकों की भर्ती करने की मांग की है, यदि जल्द ही शिक्षक भर्ती या शिक्षक व्यवस्था नही की जाती तो उग्र आंदोलन की जाएगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की होगी। सरकार ने वनांचल में बच्चो के शिक्षा के लिए स्कूल तो खोल दिए है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था नही कर पा रहे है, इससे वनांचल के स्कूल में शिक्षा अध्ययन करने वाले विद्यार्थियो को सही शिक्षा नही मिल पा रही है। ग्राम पंचायत पोलमी के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा को ज्ञापन के माध्यम से अवगत व मांग की है कि स्कूल में शिक्षकों की समस्या को देखते शीघ्र उच्च अधिकारियों से बात कर शिक्षा व्यवस्था कराए जाएं ताकि स्कूली बच्चों का भविष्य खराब ना हो।



# कुआंमालगी सोसायटी केन्द्र में डीएपी खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

- क्षेत्र के किसान डीएपी खाद के लिए इधर-उधर भटकने मजबूर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम कुआंमालगी स्थित सोसायटी में डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में नही मिलने से ग्रामीण किसानों की चिंता बढ़ गई है। बताया जाता है कि सेवा सहकारी समिति कुआंमालगी क्षेत्र के ग्राम अमलीमालगी, भटरूसे, मोतेसरा, कंझेटा, सोमनापुर, कोयलारी, सैहामालगी के ग्रामीण किसान को खाद्य गोदाम में पर्याप्त मात्रा में डीएपी नहीं मिलने के कारण किसानों की चिंता साफ दिखाई दे रहा है। वहीं ग्रामीण किसान लगातार सोसायटी केन्द्र की चक्कर काट रहे है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सोसायटी केन्द्र के कर्मचारियों से पूछताछ करने पर आज-कल कहकर किसानों को गुमराह किया जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि किसानों को फसल बोवाई के लिए तत्काल डीएपी खाद की ज्यादा आवश्यकता है, लेकिन सहकारी सेवा समिति सोसायटी में खाद नही मिलने से किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। जिस पर ग्रामीण किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग कर डीएपी खाद की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द संज्ञान में लिया जाए और सोसायटी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध कराए जाने की अपील की गई ताकि किसानों को राहत मिल सकें।

### औने-पौने दाम में खाद खरीदने मजबूर किसान

बताया जाता है कि सेवा सहकारी समिति केन्द्र में डीएपी खाद नहीं मिलने के कारण निजी खाद दुकानदार द्वारा अधिक दाम में डीएपी खाद विक्रय किया जा रहा है। वहीं मजबूरन ग्रामीण किसान कृषि केंद्र दुकान से औने पौने दामों में उधारी व ब्याज में डीएपी खाद लेना पड़ रहा है। वहीं निजी दुकानदार भी सरकारी समिति में डीएपी खाद नहीं होने के कारण पूरा फायदा व किसानों को चूना लगाया जा रहा।

# पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनी नाम साहब शासकीय महाविद्यालय कवर्धा में योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग उद्देश्य के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस 20 जून को महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें योग के महत्व तथा तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग का स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा एवं स्त्रोत वक्ता के रूप में उपस्थित सुरेश चंद्रवंशी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी एवं स्पोर्ट विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ कविता कन्नौजे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई द्वारा किया गया। द्वितीस दिवस 21 जून को प्रातः काल में सद्भावना मंच के समक्ष लेखु चंद्रवंशी भोरमदेव योग चिकित्सा केंद्र कवर्धा के मुख्य आतिथ्य में योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य लाभ के लिए इसे आवश्यक बताया। लेखु चंद्रवंशी ने भी योग के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किया साथ ही योग के अनेक प्राणायाम, योग और व्यायाम के माध्यम से अभ्यास कराया, एनसीसी कैडेट टिकेश ने भी योगासन बताया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ कविता कन्नौजे, डॉ राकेश चंदेल, भानुप्रताप सिंह, खेलन प्रसाद महुले ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ दीप्ति जांगडे, व्याख्याता मुकेश कामले, नरेंद्र कुलमित्र, कृष्णा बंजारे, जय मेहरा, आकांक्षी वर्मा, सीमा मंडावी, ओएन कुर्रे, प्रत्युष श्रीवास्तव सहित विद्यार्थियों ने पूरी तन्मयता के साथ योगाभ्यास किया।

# भाजपा रणवीरपुर मंडल में संकल्प विकास सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶रणवीरपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षो की उपलब्धियों पर आधारित आयोजन में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने लिया विकसित भारत का संकल्प का आयोजन गत दिनों भाजपा रणवीरपुर मंडल द्वारा संकल्प से सिद्धि विकसित भारत का अमृतकाल विषय पर आधारित मंडल स्तरीय संकल्प विकास सभा का सफल आयोजन विधायक कार्यालय रणवीरपुर में किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशन एवं मंडल अध्यक्ष नरेश साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मंडल स्तरीय विशेष सभा का आयोजन किया गया सभा में भुनेश्वर चंद्राकर ने मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित किया। वहीं नरेश साहू, राजेंद्र साहू कार्यक्रम सयोजक, सह संयोजक बसंत शर्मा, देवनाथ यादव, चंद्रप्रताप सिंह बैस व आसपास क्षेत्र के उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षो के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण आधारित शासन की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। सभा में वक्ताओं ने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया और केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि की व्यापक सफलता पर प्रकाश डाला। सभा में प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधि, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का समापन विकसित भारत 2047 के शपथ ग्रहण सहित भारत माता की जय घोष के साथ संपन्न हुआ।

### 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**हरिभूमि कवर्धा।** 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मे जुटे भाजपा कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधियों व बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक करें योग पूरे परिवार रहे यंग व तंदुरुस्त। शनिवार को विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर तथा भाजपा जिलाध्यक्ष के दिशा निर्देशानुसार एवं कवर्धा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरसिंग पटेल के मार्गदर्शन में सुबह 6:30 बजे पटेल भवन समनापुर मे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सफलतम 11वें वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर मंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफल कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रभारी सुरेश दुबे, श्रीमती सुषमा गणपत बघेल अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल सभापति जिला पंचायत, गणेश तिवारी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, नरेंद्र मानिकपुरी, पंचराम कोसले, सुश्री नीतू शर्मा, वीरसिंग पटेल, चंदन पटेल, सुश्री ज्योति शुक्ला, योग शिक्षक सुश्री भारती शर्मा, योग शिक्षक सुश्री भारती ठाकुर, योग शिक्षक शंकर सोनवानी, नागेश्वर जायसवाल, दानीराम चंद्रवंशी, कार्यकर्ता बिरझुराम पटेल, आत्मादास मानिकपुरी, जगेशर पटेल, दिलीप साहू, मरखन निषाद, कुमेलाल पटेल, प्रीतम जायसवाल, योगेंद्र मानिकपुरी, तुलेश्वर पटेल, दिलाऊ राजपूत, छबिलाल सहित समस्त कवर्धा-ग्रामीण पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### पीएम श्री आत्मानंद स्कूल व श्री हनुमान गार्डन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन



**हरिभूमि पोंड़ी।** शनिवार को को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का कार्यक्रम आयोजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत पोंड़ी के श्री हनुमान गार्डन और पीएम श्री आत्मानंद स्कूल पोंड़ी में भी योग दिवस पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आत्मानंद स्कूल में शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को योग दिवस के प्रोटोकॉल के तहत योग कराया गया। इस बीच उन्होंने योग के महत्व की जानकारी देते अपने जीवन शैली में योग को अपनाने की बात कही। साथ ही श्री हनुमान गार्डन पोंड़ी में योग शिक्षक भारत स्वामिभान बोड़ला आयोजक मनोहर साहू द्वारा योग कराया गया। जिसमें पोंड़ी के विशिष्ट नागरिकों ने योग किया, जिसमें जयराम साहू, दिलीप श्रीवास्तव, गंगाराम साहू, संतोष साहू, अमन पाली, अशोक निषाद, बाली वर्मा, अर्जुन पाली, दुर्योधन पाली, कृष्णा साहू सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## अनदेखी: नौनिहाल बच्चों की खेल-कूद में भारी परेशानियां

# आंगनबाड़ी केन्द्र में लगी पानी टंकी से व्यर्थ बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में शासन-प्रशासन द्वारा लाखों रूपए खर्च कर पानी टंकी का निर्माण कराया गया, ताकि नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चों को पानी उपलब्ध हो सके। लेकिन देखरेख के अभाव व जिम्मेदारों की भारी लापरवाही के चलते पानी टंकी से व्यर्थ पानी बह रही हैं, जिसके कारण आंगनबाड़ी परिषर कीचड़मय होने से नौनिहाल बच्चों की खेल-कूद में भारी दिक्कत व आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




### पक्की सोखता निर्माण कार्य की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा एक ओर पानी बचाने के लिए अभियान चलाकर घरों-घर सोखता गड्ढा का निर्माण जोर-शोर से कराया जा रहा है, ताकि पानी की बचत हो सके और वॉटर लेवल बना रहे। लेकिन गांव-गांव में सोखता गड्ढा का कच्ची निर्माण कार्य होने से नौनिहाल बच्चों के लिए खतरा साबित हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा पक्की निर्माण सोखता गड्ढे की निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि खेल-कूद करते समय नौनिहाल बच्चों को अप्रिय घटना से बचाया जा सकें।

# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता से छत्तीसगढ़ के लिए आरुही श्रीवास ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




जिले के मार्शल आर्ट के खिलाड़ी आरुही श्रीवास ब्लेक बेल्ट होल्डर पिता अश्वनी श्रीवास कहचरी पारा निवासी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मलित हुआ और छत्तीसगढ़ के लिए रजत पदक जीतकर राज्य व जिले का नाम देश में रौशन किया। आरुही लगातार अपने लक्ष्य में प्रयासरत है, उन्होंने बताया की उनके इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता और गुरु आकाश सिंह के प्रयास रहा है। उन्होंने बताया की देहरादून में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 16 जून तक किया गया था, जिसमे कठिन मेहनत के बाद सफलता हासिल प्राप्त किया। इनके जीत पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की कबीरधाम और राज्य के लिए गर्व की बात है की बच्चे आज पदक लेकर आए और जिले का नाम राष्ट्र में रौशन किए इनके साथ परिवार-जन और जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी।

कार्रवाई: बेमेतरा से ठेके पर बुलाया गया था शिकारी, वन विभाग की जांच टीम ने एयरगन की गई जप्त

# ग्राम कोसमंदा में बंदरों के शिकार मामले में एक और शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

जिले के स.लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोसमंदा में गत 13 मई को किए गए वन्यप्राणी बंदरों के शिकार मामले में वन विभाग ने बंदरों को मारने वाले अज्ञात आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया है। जांच टीम ने आरोपी की निशानदेह पर बंदरों के शिकार में प्रयुक्त एक एयरगन भी बरामद की गई है। लेकिन ग्रामीणों और प्राणी संरक्षण समिति का आरोप है कि अभी भी विभाग उन लोगों को बचाने में लगी है जिन्होने शिकारियों को बुलवाकर बंदरों का शिकार करवाया। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गत 13 मई को ग्राम कोसमंदा में बंदरो को मारने की सुचना मिली थी जिस पर वन विभाग द्वारा तुरंत कार्यवाही कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20792/09 पंजीबध किया गया था। प्रकरण से सम्बंधित सेम्पल (नमूना-वन्यजीव) को जांच के लिए फोरेंशिक लैब भेजा गया है। वन विभाग ने बताया कि वहीं इस संबंध में वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों से लगातार पूछताछ की जा रही थी जिसके बाद आरोपी रवि पारधी पिता रामाधार पारधी आयु 36 वर्ष निवासी ग्राम बहेरा जिला बेमेतरा के संबंध में जानकारी मिली। जिसके आधार पर जांच टीम ने रवि पारधी को हिरासत में लेकर लम्बी पूछताछ की और उसने एयरगन से ग्राम कोसमंदा के बंदरो को मारने का अपराध स्वीकार किया। आरोपी ने बताया गया कि ग्राम कोसमंदा के ग्रामीणों ने उनको रखवार के तौर पर ग्राम में काम पर रखा था तथा उसने ही एयरगन से बंदरो को मारा है।



## आरोपी की निशानदेही पर एयरगन बरामद

जांच टीम की गिरफ्त में आए आरोपी रवि पारधी के कब्जे से बंदरो को मारने के लिए इस्तेमाल की गई एक एयरगन भी बरामद की है। बताया जाता है कि आरोपी ने बंदरों के शिकार के बाद घटना में प्रयुक्त एयरगन को अपने मामा राजू पारधी के घर में छुपाया था। राजू पारधी बेमेतरा जिला के चीजगांव मे चौकीदारी का काम करता है। आरोपी के निशानदेही पर 19 जून को राजू पारधी जिला बेमेतरा ग्राम चीजगांव के घर से बंदरो को मारने मे प्रयोग किया गया एयरगन को बरामद किया गया है जिसे वन विभाग ने जप्त कर लिया है। जप्त किए गए एयरगन और गोली के छर्रे को फोरेंशिक लैब जांच के लिए भेजा जायेगा। प्रकरण मे आगे की विवेचना जारी है।

## अन्य आरोपियों को बचाए जाने का आरोप

ग्रामीणों और प्राणी संरक्षण समिति का आरोप है कि इस मामले में अभी भी वन विभाग चेहरा देखकर कार्यवाही और गिरफ्तारी कर रहा है। विभाग ने बंदरों का शिकार करने वाले आरोपी को तो गिरफ्तार कर लिया है लेकिन जिसने बकायदा शिकारी को पैसे देकर बंदरों का शिकार करवाया उसे अभी भी संरक्षण दिया जा रहा है। आरोप तो यह भी है कि बंदरों का शिकार करवाने वाला गांव का एक प्रतिष्ठित और दबंग व्यक्ति है जिसके कारण विभाग उसे संरक्षण दे रहा है। ग्रामीणों तथा प्राणी संरक्षण समिति ने शासन-प्रशासन तथा वन विभाग से इस मामले में निष्पक्ष कार्यवाही किए जाने की मांग की है।





# एक ही दिन में दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर जिले ने रचा इतिहास

■ दो ऐतिहासिक उपलब्धियों पर डिप्टी सीएम ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले में जल संरक्षण को लेकर किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों और जिला प्रशासन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले की इस उलब्धियों पर जिले वासियों की सामूहिक प्रयास और जिला प्रशासन की अभिनव पहल की तारीफ की।

उन्होंने कहा कि कबीरधाम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जब जनता, प्रशासन और नेतृत्व एकजुट होकर किसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ते हैं, तब असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी सहजता से प्राप्त किए जा सकते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि मोर गांव, मोर पानी महाअभियान केवल जल संरक्षण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चेतना, सामूहिक प्रयास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का एक सशक्त प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभरा है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि कबीरधाम जिले ने केवल 12 घंटे की अवधि में 1 लाख 2 हजार 98 सोख पिट (सोखता गड्ढा) का निर्माण कर और 1 लाख 17 हजार 504 नागरिकों से जल संरक्षण की शपथ दिलाकर दो विश्व कीर्तिमान स्थापित किए। यह उपलब्धि इस बात की साक्षी है कि जब आम जनमानस किसी लक्ष्य को लेकर संगठित होता है, तब वह बड़े से बड़े परिवर्तन की आधारशिला रख सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि 'मोर गांव, मोर पानी' महाअभियान ने ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता को आंदोलन का रूप दे दिया है। यह महाभियान गांव-गांव में जल संरक्षण को लेकर चेतना जगा रहा है और यह भविष्य के लिए जल संकट से निपटने की दिशा में एक ठोस पहल है। श्री शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले की यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और यह अभियान अन्य जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसी प्रकार शासन और समाज के सामूहिक प्रयासों से छत्तीसगढ़ राज्य सतत विकास और जनकल्याण के पथ पर और तेजी से अग्रसर होगा। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एशिया प्रमुख मनीष विश्नोई ने कवर्धा पहुंचकर पूरे अभियान की समीक्षा की और इसे जनसहभागिता का अद्भुत उदाहरण बताते हुए जिले को दो वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा के व्यवसायीकरण पर विरोध प्रदर्शन आज

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में व्याप्त शिक्षा संबंधी विभिन्न जटिल समस्याओं के विरोध में 23 जून 2025 दिन सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन कबीरधाम द्वारा सात सूत्रीय मांगो को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा जाएगा। इस संबंध में एनएसयुआई के जिला अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी तथा शहर अध्यक्ष मेहुल सत्यवंशी ने बताया कि कबीरधाम जिले में शिक्षा का व्यवसायीकरण धड़ल्ले से चल रहा है। मनमानी फीस वसूली, जनभागीदारी शुल्क वसूली, मंहगी पाठ्य पुस्तकों की बिक्री, मंहगी स्कूल ड्रेस की बिक्री आदि जटिल समस्याओं के विरोध में एनएसयुआई द्वारा 23 जून 2025 दिन सोमवार को दोपहर 11.30 बजे कांग्रेस कार्यालय सिग्नल चौक कवर्धा के पास हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन करेगा और अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। पदाधिकारियों ने कहा कार्यक्रम में जिसमें प्रदेश, जिला, विधानसभा, ब्लाक, शहर व महाविद्यालय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

### धान खरीदी केन्द्र में बनाया गया सोख पिट

**कवर्धा।** चिल्फीघाटी वनांचल में मोर पानी मोर गांव जल बचाओ महा अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत स्थानीय धान खरीदी केंद्र में पहला सोख पिट बनाकर इसकी शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष लालाराम यदु, कंप्यूटर ने सोख पिट बनाने में योगदान दिया।

# शराब के नशे में मोटर सायकल दौड़ाना पड़ा मंहगा, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

शराब के नशे में धुत्त होकर सड़क पर मोटर सायकल दौड़ाना दो सगे भाईयों को मंहगा पड़ गया। बताया जाता है कि इन शराब वाहन सवारों की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई और दोनो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पोलमी के निवासी ननकु तथा नैन सिंह रविवार को अपनी मोटर सायकल में सवार होकर दोनो पंडरिया जा रहे थे। बताया जाता है कि दोनो भाईयों ने जमकर शराब पी रखी थी और शराब के नशे में मोटर सायकल से सड़क में फर्राटे भर रहे थे। इसी दौरान ग्राम सागोनडीह-पंडरिया बजाक मार्ग के पास उनकी मोटर सायकल अनियंत्रित हो गई और दोनो सड़क पर गिर पड़े। मोटर सायकल की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि दुर्घटना में नैन सिंह का बायां पैर टूट और ननकु भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस व एम्बुलेंस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की टीम ने दोनो घायलों की पहले मरहम पट्टी कराई और फिर दोनों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।



## अशोका पब्लिक स्कूल की छात्रा संध्या कौशिक ने बढ़ाया कवर्धा का मान



**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय अशोका पब्लिक स्कूल की छात्रा संध्या कौशिक ने खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और लगन से न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि जिला स्तर पर भी अपनी विशेष पहचान बनाई है। हाल ही में एक न्यूज चैनल द्वारा आयोजित पंख प्रतियोगिता 2025 जो कि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को 50-50 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार हेतु प्रत्येक 33 जिलों से केवल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी का चयन किया गया था। संध्या कौशिक ने अपने कठोर परिश्रम, अनुशासन और नियमित अभ्यास की बदौलत राष्ट्रीय स्तर,राज्य स्तर पर लगातार गोल्ड पदक बेसबॉल प्रतियोगिता में हासिल की इसलिए कबीरधाम जिले से केवल एकमात्र खिलाड़ी के रूप में चयनित हुई। उनके इस शानदार प्रदर्शन को देखते हुए पंख खेल प्रतियोगिता द्वारा पुरस्कार कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उप-मुख्यमंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, खेलमंत्री टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह तथा गणमान्य नागरिक इस गरिमामयी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र तथा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। बेसबॉल खिलाडी छात्रा संध्या कौशिक की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार अपितु पूरा कवर्धा शहर में हर्ष का माहौल व्याप्त है। जिले का खेल के क्षेत्र मान बढ़ाने पर शहरवासियों द्वारा छात्रा खिलाड़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं देने हेतु ताता लग रहा। छात्रा खिलाड़ी के परिजन भूपेंद्र कौशिक एवं श्रीमती भुनेश्वरी कौशिक अपनी बच्ची की उपलब्धि से बहुत खुश है उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार विशेष रूप से विद्यालय संचालक पवन देवांगन के मार्गदर्शन को सराहा है। विद्यालय प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने बतलाया कि संध्या कौशिक ना केवल खेल के क्षेत्र में वरन पढ़ाई के क्षेत्र में भी होनहार छात्रा है। पवन देवांगन तथा संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन ने विद्यालय की उपलब्धि के लिए छात्रा को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथ ही खेल प्रशिक्षक राजा जोशी को भी शुभकामनाएं दी।

# बारिश होते ही सड़कों में फिर नजर आने लगे आवारा मवेशियों के झुंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

बारिश शुरू होते ही कवर्धा नगर की सड़कों में एक बार फिर निराश्रित मवेशियों के झुंड नजर आने लगे हैं। जिससे न सिर्फ आवागमन बाधित हो रहा है बल्कि लोगों को भारी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ निराश्रित मवेशियों के नगर की मुख्य सड़कों में धमाचौकड़ी मचाने से सड़क दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा नगरवासियों को निराश्रित मवेशियों से छुटकारा दिलाने के नाम पर कई कवायदे और उपाय किए हैं जिसके नाम पर लाखों रूपए की राशि भी खर्च की गई है लेकिन वास्तव में इन तमाम कवायदों व उपायों का अभी तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया और अब भी समस्या जस की तस बनी हुई है। आज भी नगर की प्रमुख सड़कों बड़ी संख्या में निराश्रित मवेशियों के झुंड नजर आ रहे हैं। खास कर जब से कवर्धा में बारिश का दौर शुरू हुआ है सड़कों में निराश्रित मवेशियों की संख्या बढ़ गई है। दरअसल मवेशी भी हम इंसानो की तरह सुखी और साफ सुथरी जगह पर ही आराम फरमाना चाहते हैं और मवेशियों को सड़क से साफ सुथरी तथा सूखी जगह और कहीं नजर नहीं आती यही वजह है कि बारिश के दिनो में ज्यादातर निराश्रित मवेशियों का डेरा सड़कों पर ही नजर आता है। जिससे बारिश के इन दिनो में सड़कों में निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा अचानक बढ़ गया है।



## वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही बढ़ने लगी छाता और रेनकोट की मांग



**कवर्धा।** भीषण गर्मी के बाद कुछ दिनों से क्षेत्र में हो रही बारिश से लोगों के बीच रेनकोट व छातों की मांग काफी बढ़ गई है। जिसके लिए दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों में किस्म-किस्म के रेनकोट व छातों का स्टाक जमा कर लिया। बच्चे, युवती, महिला एवं पुरूषों के लिए उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के छाते व रेनकोट दुकानों की शोभा बढ़ा रहे हैं। बच्चों को जहां गहरे रंग के साथ ऊपर टोपी वाले रेनकोट लुभाते हैं वहीं युवतियों और महिलाओं को हल्के रंगों में छोटे-छोटे फूलों की डिजाइन ज्यादा पसंद आती है। पुरूष वर्ग में साधारणतः कम साइनिंग के रेगजिन के रेनसूट की मांग बनी हुई है। इसी तरह छातों में भी सभी लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए बच्चों के छोटी छतरी, युवतियों और महिलाओं के लिए कम वजन वाले और पुरूष वर्ग के लिए भी अलग प्रकार के छातों की व्यवस्था इस बार व्यापारियों द्वारा की गई है। दुकानों में सभी वर्गों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, कम से कम और अधिक से अधिक कीमतों में हर प्रकार के छाते व रेनसूट लाए गए हैं। दुकान संचालकों बताया कि, यहां छाते 200 रूपए से लेकर हाई रेंज तक और रेनसूट, डिजाईन और क्वालिटी के साथ 400 रूपए से लेकर लगभग 1000-1500 रूपए तक सभी प्रकार के रेंज में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि, बदलते फैशन के साथ सभी को नए डिजाईन और बनावट के छाते और रेनसूट की तलाश होती है। जिससे वे अपने आप को भीगने से बचाने के साथ ही सुंदर लगे और उन्हें काम करने में भी सुविधा हो। बारिश से घरों और सामानों को बचाने के लिए पालीथीन की भी मांग बढ़ गई है। एक ओर जहां खपरैल वाले घरों में पालीथीन से छप्पर को ढंककर उसे और भी सुरक्षित किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर वाहनों को भी बारिश से बचाने की व्यवस्था भी की जा रही है।

जिला पंचायत सीईओ ने हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण संबंधी ली जानकारी

# जनमन आवास के कार्यों का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा पंडरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम पंचायत आगरपानी, पोलमी एवं भेलकी का सघन दौरा कर प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत निर्माणधीन आवासो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भेलकी के आश्रित ग्राम बदनाचुआ में पीएम जनमन के हितग्राहियों से संवाद करते हुए शासन के महत्वाकांक्षी योजना पर चर्चा कर निमार्णाधीन आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत पंडरिया के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री चित्रा यादव को निर्देशित किया कि जनमन आवास के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड जैसे मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराया जाए। मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आवास निर्माण में जियोटैगिंग समय पर हो ताकि समय पर किश्त की राशि का भुगतान हो सके। निर्माण सामग्रियां समय पर उपलब्ध कराने के लिए हितग्राही को सतत सहयोग प्रदान करे। जनमन आवास निर्माण में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत 95 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने कहा गया।साथ ही समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए आवास निर्माण शासन द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार कराते हुए समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बीपीएम अरूना खेस्स को महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से अतिरिक्त सेंटरिंग प्लेट की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि सेंट्रिंग व्यवसाय से महिला समूह के लिए आजीविका संवर्धन के नए रास्ते खुलेंगे तथा हितग्राहियों को सेंट्रिक कार्य के लिए प्लेटगांव में ही आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान अनुविभागी अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग पंडरिया, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एनआरएल एमकेबीपीएम, सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित थे। विदित है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विकासखंड पंडरिया में सर्वेक्षण के दौरान 4127 हितग्राही पात्र पाए गए।



# पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विश्व ने अपनाया योगः डॉ.वीरेन्द्र

■ भाजपा मण्डल इंदौरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को जिले के सभी मण्डलों में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसके लिए बकायदा अलग-अलग प्रभारियों व योग प्रशिक्षकों की भी नियुक्ति की गई थी। भाजपा मण्डल इंदौरी में स्थानीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में कार्यक्रम प्रभारी डॉ.वीरेन्द्र साहू तथा योग प्रशिक्षण रवि चन्द्रवंशी, हजारी चन्द्रवंशी एवं रोहित चन्द्रवंशी की उपस्थिति में योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मण्डल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों, शिक्षकों व स्कूली विद्यार्थियों ने योग संगम एवं हरित योग थीम के साथ योगाभ्यास किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। प्रशिक्षकों ने लोगों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि का अभ्यास कराया और इनके लाभों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा शिविर प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि योग की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और इसकी उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले हुई थी। ऐसा माना जाता है कि जब से सभ्यवता शुरू हुई है तभी से योग किया जा रहा है। अर्थात प्राचीनतम धर्मों या आस्थामओं के जन्म लेने से काफी पहले योग का जन्म हो चुका था। योग विद्या में शिव को आदि योगी तथा आदि गुरू माना जाता है। भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजली ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। लेकिन इन सब के बीच यह भी सत्य है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्व पटल पर रखा और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही प्रयासों से पूरे विश्व में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। डॉ.वीरेन्द्र साहू ने बताया कि 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि द्वारा आंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संकल्प का मसौदा प्रस्तुत किया था। मसौदे को व्यापक समर्थन मिला जिसके अंतर्गत 177 देश इस मसौदे के प्रस्तावक बने जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतिहास में अभी तक हुए किसी भी संकल्प में सर्वाधिक प्रस्तावकों की संख्या रही। डॉ.वीरेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में सभी लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और प्रतिदिन योग करने का आव्हान किया। भाजपा मण्डल इंदौरी में आयोजित यो शिविर में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, महामंत्री मनोज बंजारे, राजू चंद्रवंशी, सिताराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्षय, उपाध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

